**फरवरी 2021**

## नई इमारत आकार ले रही है

Ajax Pickering Hospital के बगल में फिलहाल निर्माणाधीन, Lakeridge Health के नए दीर्घ-कालिक देखभाल होम के निर्माण में हम लोग अच्छी प्रगति कर रहे हैं। पूरे जनवरी भर, निर्माण टीम ने खुदाई का काम जारी रखा, जिसमें इमारत की नींव बनाने के लिए कंक्रीट डालना शामिल था। इसके साथ ही, आवश्यक उपयोगिता सेवाएं स्थापित करने, जैसे कि बिजली की आपूर्ति और Durham क्षेत्र के मुख्य स्टॉर्मवाटर और सीवर लाइन के साथ जोड़ने का काम भी ज़ोरों में चल रहा है।

निर्माणस्थल पर होने वाले काम के साथ-साथ निर्माणस्थल से अलग जगह पर इमारत के मॉड्यूलर भाग निर्मित किए जा रहे हैं। हमारे निर्माण सहभागी, PCL, इमारत के कई पूर्वनिर्मित भागों के डिज़ाइन और स्थापन की देखरेख कर रहे हैं, जैसे कि भार सहन कर सकने वाले दीवार के पैनल सिस्टम, वॉशरूम में लगाए जाने वाले पॉडस और मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल वितरण प्रणाली।



*दीर्घकालिक देखभाल होम का निर्माण - फरवरी 2021*

इस तरह का मॉड्यूलर निर्माण Accelerated Build Pilot Program का एक हिस्सा है और सख्त स्वास्थ्य, सुरक्षा और डिज़ाइन मानकों का पालन करते हुए नए होम को पारंपरिक दीर्घ-कालिक देखभाल परियोजना की तुलना में और तेज़ी से निर्माण करने में मदद करता है। आने वाले हफ्तों और महीनों में मिट्टी हटाए जाने और मॉड्यूलर हिस्से स्थल पर लाकर असेम्बल किए जाने से, काम में प्रगति बहुत तेज़ होगी और पूरी तरह दिखाई देगी।

## बाइक लेन प्रवेश में बदलाव

चूंकि परियोजना पर काम जारी है, इसलिए अपने समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा के लिए हमें मार्च 1, 2021 से लेकर अगस्त के अंत तक के लिए Clement Street पर स्थित साइकिल की लेन्स बंद करनी पड़ रही हैं। सभी आवश्यक नगरपालिका ज़रूरतों को पूरा कर दिया गया है, और हम आपको आने वाले संस्करणों में ये लेन्स वापिस खोलने के समय के बारे में ताज़ा जानकारी देते रहेंगे।

## हमारे काम के मार्गदर्शन के लिए बहुमूल्य प्रतिक्रिया

कैसे-जैसे यह परियोजना प्रगति कर रही है, हम पूरी Lakeridge Health प्रणाली से इस बात के विवरणों पर विशेषज्ञता और मार्गदर्शन हासिल कर रहे हैं, कि कैसे होम के अंदर की जगहों को अलग-अलग आवश्यकताओं और क्षमताओं वाले वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बेहतर करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पूरी महामारी के दौरान सीखे गए ज्ञान का प्रयोग करते हुए, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि होम देखभाल, सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण के हमारे अपेक्षित उच्च मानकों को पूरा करे और साथ ही, निवासियों, परिवारों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के लिए फायदेमंद, एक आरामदायक, घर जैसा वातावरण तैयार करे।

हमारी डिज़ाइन टीम, दीर्घ-कालिक देखभाल संचालन पेशेवरों, संक्रमण और रोकथाम नियंत्रण विशेषज्ञों के साथ-साथ अन्य विशिष्ट क्षेत्रों, जैसे कि, खान-पान सेवा और IT के साथ भी वर्चुअली काम कर रही है। इसके अलावा, हमने अपने Patient and Family Experience Council, Lakeridge Health's Auxiliary और हमारे Community Advisory Panels (सामुदायिक सलाहकार पैनल) के सदस्यों को भी इसमें शामिल किया है, जो हमें मार्गदर्शन देने के लिए अपने ज्ञान और जीवन-अनुभव का योगदान दे रहे हैं। हम योजना, निर्माण और डिज़ाइन के बारे में ताज़ा खबरें देने के लिए मार्च में एक वर्चुअल Town Hall करने कि भी योजना बना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप इसमें जरूर भाग लेंगे! उसके बारे में विवरण इस पत्र में संलग्न हैं।

जब डिज़ाइन के विकास का चरण पूरा हो जाएगा, तब हम अंतिम विस्तृत निर्माण लिखित निर्देशन पूरा करेंगे जिस से हमें पता चलेगा कि निर्माण टीम क्या बनाने वाली है।

नया दीर्घ-कालिक देखभाल होम Ajax Pickering अस्पताल के बगल में, Harwood Avenue South और Clements Road West के उत्तर पश्चिमी कोने में स्थित है। 2021 के अंत तक इसके पूरे होने की संभावना है और इसमें 320 बिस्तरों की क्षमता होगी।



*चित्रकार प्रारूप*

## भविष्य पर एक नज़र डालें–

## हमारे फ़ेसबुक लाइव Town Hall से जुड़ें

क्या आप नए होम के फ़ायदों और विशेषताओं के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और अपनी राय देना चाहते हैं? कृपया मार्च 18 को शाम 6:30 - 7:30 पर, हमारे द्वारा फ़ेसबुक लाइव Town Hall की होस्टिंग में हमारे साथ जुड़ें। जल्दी ही आने वाली जानकारी प्राप्त करने के लिए Lakeridge Health's Facebook Page देखें।

## आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल

उन लोगों को धन्यवाद जो हमारे दीर्घ-कालिक देखभाल होम परियोजना के बारे में प्रश्नों और प्रतिक्रियाओं के साथ हमसे संपर्क कर रहे हैं। यहाँ पर कुछ आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब दिए गए हैं:

**प्र1. नया होम बन कर कब पूरा होगा और इसमें कितने बिस्तर होंगे?**

**प्र2. यदि मैं Ajax में रहता/ती हूँ, तो क्या मुझे नए होम में जगह मिलने की ज़्यादा संभावना है?**

जब नया होम शुरू होगा, तो इसमें प्रांत भर के सभी दीर्घकालिक देखभाल होम्स के जैसे, बेड सुरक्षित करने के प्रबंधन में लागू होने वाली प्रांतीय प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। Ontario के सभी पात्र निवासियों के लिए किसी भी सुविधा के प्रयोग के लिए प्रांतीय प्रशासित स्थापन प्रक्रिया द्वारा प्रवेश खुला है।

स्थापन प्रक्रिया में कई-भाग वाला आंकलन शामिल है, जिसमें एक देखभाल संयोजक द्वारा आंकलन भी शामिल है, जो मेडिकल हिस्ट्री का सटीक रिकार्ड दर्ज होना सुनिश्चित करता है कि और दीर्घ-कालिक देखभाल के लिए पात्रता निर्धारण में मदद करता है। प्रवेश के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया 310-2222 पर कॉल करें (एरिया कोड लगाने की जरूरत नहीं है)।

**प्र3. मुझे नए दीर्घ-कालिक होम में नौकरी कैसे मिल सकती है?**

जब नौकरी उपलब्ध होंगी, तब समुदाय को बताया जाएगा और नए होम में नौकरियों के लिए आवेदन देने के तरीके के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

**प्र4. मैं नए दीर्घ-कालिक होम को कोई उत्पाद या सेवा कैसे दे सकता/ती हूँ?**

जिस तरह का उत्पाद या सेवा प्रस्तावित की जा रही है, उसके आधार पर, सेवा या उत्पाद की खरीद, निर्माण के कान्ट्रैक्ट के अनुसार हमारे सामान्य ठेकेदार (PCL) द्वारा की जाती है या Lakeridge Health के मौजूदा खरीद प्रक्रिया के द्वारा होती है।

यदि आप Lakeridge Health के साथ वेंडर ऑफ रिकॉर्ड (खास विक्रेता) बनना चाहते हैं, तो कृपया हमारे खरीद संयोजक Plexxus, के पास रजिस्ट्रेशन करवाएं।



**प्र5. निर्माणस्थल के करीब रहने वाले लोगों तक पहुँचने वाले शोर को कम करने के लिए क्या किया जा रहा है?**

निर्माण टीम किसी भी तरह के शोर को कम करने या आस-पड़ोस पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने की पूरी कोशिश कर रही है। **PCL** ने कई योजनाओं को शुरू किया है जो शोर से संबंधित नियमों का पालन करती हैं:

- धूल पर नियंत्रण रखने के साथ, सभी स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने की योजना;
- डिलीवरी और पार्किंग दोनों के लिए निर्माणस्थल से आने और जाने वाले भीड़ को कम करने के लिए एक अलग यातायात नियंत्रण योजना; और,
- योजनाएं जो निर्माण से पैदा होने वाले शोर से संबंधित शोर के नियमों का पालन करती हैं।

इस महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित दीर्घकालिक देखभाल होम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम करने के दौरान, हम निर्माणस्थल के बिल्कुल करीब रहने वाले लोगों की उदारता की सराहना करते हैं।

परियोजना का निर्माण कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए तेज़ी से चलाया जा रहा है कि यह नया होम 2021 के अंत तक बन कर तैयार हो जाए।

मार्च 22 से, निर्माणस्थल पर टीमें सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 6:30 बजे से मध्यरात्रि तक और शनिवार को सुबह 6:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक काम करेंगी।

## आपको ताज़ा जानकारी से अवगत रखना

हम अपनी प्रगति के बारे में आपको नई और ताज़ा जानकारी इस न्यूज़लेटर और हमारी वेबसाईट के ज़रिए देना जारी रखेंगे।

किसी भी समय, यदि आपके कोई सवाल हों या आप अधिक जानकारी चाहते हों, तो कृपया 905-576-8711 ext. 34167 पर कॉल करें या AjaxLTC@lh.ca पर ईमेल करें।

आप हमें Twitter और Facebook पर फॉलो भी कर सकते हैं।

## हमारे Durham समुदाय में जुड़ने वाली इस नई महत्वपूर्ण परियोजना में आपकी रुचि और सहयोग के लिए आपका बहुत धन्यवाद!

Lakeridge Health